**खबर संक्षेप**

### किसान अब 30 अप्रैल तक करा सकेंगें पंजीयन

**कटनी।** खरीफ वर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024-25) में न्यूनतम समर्थन मूल्य के अंतर्गत तुअर उपार्जन हेतु ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 अप्रैल कर दी गई है। पूर्व में यह तिथि 20 अप्रैल थी। पंजीयन रिपोर्ट के अनुसार तुअर उपार्जन हेतु पंजीयन कम होने के कारण कृषक हित को दृष्टिगत रखते हुए तुअर के पंजीयन की अंतिम तिथि राज्य शासन ने 20 अप्रैल के स्थान पर अब 30 अप्रैल तक बढ़ा दी है। साथ ही पंजीकृत कृषकों एवं रकबें का सत्यापन 5 मई तक हो सकेगा।

### जल की एक-एक बूंद बचाने छात्रों ने लिया संकल्प

**कटनी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले भर में जल संरक्षण हेतु विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही है। आयोजित गतिविधियों के तहत विकास खंड बड़वारा में जन अभियान परिषद के तत्वाधान में विकासखंड समन्वयक नंदिनी वाटिया एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत परामर्शदाता एवं छात्र-छात्राओ के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल की हर एक बूंद को बचाने के लिए संकल्प लिया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विकासखंड ढीमरखेड़ा में सीएमसीएलडीपी की कक्षा उपरांत सीएमसी डीपी के छात्रों एवं नवांकुर संस्था पिपरिया सहलावन व ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति डुंडी के सदस्य और परामर्श दाता द्वारा गांव के पुराने चोपड़ा कुआं में सफाई कार्य किया जाकर ग्रामवासियों को जल संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया गया।

### संविधान निर्माता की जयंती पखवाड़ा पर संगोष्ठी आयोजित

**कटनी।** डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पखवाड़ा पर व्याख्यानमाला को सफल बनाने मे जनपद पंचायत रीठी के उपाध्यक्ष प्रकाश चंद्र शाहू, एवं जनपद सदृस्य चंदन सिंह, रतिलाल चौधरी, भान सिंह सोलंकी, संतोष माझी, चंदा बाई, कमलेश पटेल, अनुपम राजभर, और सभी परामर्शदाता एवं नवांकुर संस्था के प्रतिनिधियों के द्वारा भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व एवं समाज के लिए किए गए अभूतपूर्व योगदान को याद करने के लिए व्याख्यान माला पर अपने विचार व्यक्त किए गए।

### अब 25 को होगी बैठक

**कटनी।** जिले के समस्त पूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं एवं वीर नारियों की बैठक अब 25 अप्रेल को होगी। पहले यह बैठक 23 अप्रेल को सुबह 10.30 बजे जिला सैनिक कल्याण कार्यालय कटनी में आयोजित की जानी थी। उसमें परिवर्तन कर अब यह बैठक 25 अप्रेल को नियत समय व स्थान में आयोजित होगी। कल्याण संयोजक, जिला सैनिक कल्याण कार्यालय दयाशंकर चतुर्वेदी ने बैठक में अधिक से अधिक संख्या में पूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं एवं वीर नारियों को शामिल होने कहा है।

**ढीमरखेड़ा के रामपुर में बनी प्रयोगशाला का मामला, दीवारों पर आई दरारें, झांडियों से घिरा**

# लाखों रुपये की लागत से बनी प्रयोगशाला 8 सालों से पड़ी बंद, अन्नदाता को होना पड़ रहा है परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



खेतों की मिट्‌टी में पोषक तत्वों की कमी के परीक्षण के लिए ढीमरखेड़ा के रामपुर गांव में ब्लाक स्तर पर मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला बनवाई गई हैं,लेकिन अधिकारी-कर्मचारियों की पदस्थापना न किए जाने से प्रयोगशाला में बीते करीब 8 सालों से ताला लटक रहा हैं। हालात यह है कि प्रयोगशाला के बाहर बड़ी-बड़ी कटीली झांडियां उग आई हैं। बिल्डिंग में कई जगह दरारें आ गई हैं। यदि किसानों को मिट्टी परीक्षण कराना हो तो फिर नहीं हो पा रहा है।शहर लेकर जाने में समय, रुपयों आदि की बर्बादी होती है। मृदा परीक्षण खुल जाए तो आसपास के कई गांव के किसानों को लाभ मिलने लग जाएगा। विकासखंड स्तर पर मिट्‌टी परीक्षण न होने की वजह से किसानों को मिट्‌टी में कौन-कौन से पोषण तत्वों की कमी है, इसकी जानकारी नहीं मिल पा रही है।किसानों का कहना है कि जब शासन के पास स्टाफ तैनात करने की व्यवस्था नहीं थी,तब प्रयोगशाला के निर्माण और आवश्यक उपकरणों पर लाखों रुपए की राशि क्यों खर्च की गई।

जिला मुख्यालय स्थित प्रयोगशाला में भी पर्याप्त व्यवस्था न होने की वजह से समय पर मिट्‌टी परीक्षण नहीं हो पा रहा है।किसान गांव-गांव से मिट्‌टी के सैंपल जिला मुख्यालय लेकर पहुंच रहे हैं, लेकिन व्यवस्था कम होने की वजह से सैंपलों की जांच प्रभावित हो रही है। किसानों का कहना है कि ब्लॉक में बनी प्रयोगशाला चालू हो जाएं तो मिट्‌टी परीक्षण का काम शीघ्र होने लगेगा।

### इन पोषक तत्वों की होती हैं जांच

परीक्षण में मिट्‌टी के पीएच मान, विद्युत चालकता, ऑर्गेनिक कार्बन, नाइट्रोजन, फास्फोरस, गंधक, जिंक, बोरॉन, लोहा, मैग्नीज, तांबा आदि की जांच की जाती है। इसके इसके बाद रासायनिक खाद के प्रयोग का निर्धारण किया जाता है। इसके साथ ही समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन के लिए कंपोस्ट खाद, केंचुए की खाद, हरी खाद, राईजेबियम आदि भी जरूरत के अनुसार प्रयोग करने की सलाह किसानों को दी जाती है।

### प्रयोगशाला बनी शो-पीस

करीब 8 सालों पहले लाखों रुपए की लागत से ढीमरखेड़ा विकासखंड के रामपुर गांव में प्रयोगशाला बनाई गई थीं।लेकिन यह प्रयोगशाला आज तक चालू ही नहीं हुई और ताले में बंद पड़ी हैं। इधर देखरेख न होने की वजह से सभी प्रयोगशाला जर्जर होने लगी हैं। दीवारों एवं दरवाजे के सामने बड़ी-बड़ी कटीली झांडियां उग आई हैं तो दीवारों में दरारें आ गई हैं। लेकिन इतनी बड़ी राशि खर्च होने के बावजूद भी जिम्मेदार इन प्रयोगशाला का रख-रखाव नहीं कर पा रहे हैं।किसानों के अनुसार के अनउपचारित भूमि में पौधों के कमजोर होने से फसलों की वृद्धि समुचित नहीं होती है। साथ ही उत्पादन में कमी आती है।

पौधों के कमजोर होने से रोग व्याधि, कीट आदि से ग्रसित होने की भी संभावना अधिक रहती है। जबकि मिट्‌टी परीक्षण के बाद उपचारित भूमि में जरूरत के अनुसार रासायनिक व जैविक खाद उपयोग किया जाता है। इससे अच्छा उत्पादन प्राप्त होता है। मिट्‌टी परीक्षण के बाद संबंधित किसान को कार्ड दिया जाता है। जिसमें मिट्‌टी में पाए जाने वाले पोषण तत्वों की जानकारी दी जाती है।

**इनका कहना है**

ब्लाक स्तर पर बनवाई गई मिट्‌टी परीक्षण प्रयोगशाला में कर्मचारियों की कमी है। अब निजी संस्थाओं के द्वारा प्रयोगशाला का संचालन किया जाना है। शासन के आदेश पर इसकी पूरी तैयारियां की जा चुकी हैं। जैसे ही प्रयोगशाला हैंडओवर होती है वैसे ही प्रयोगशालाओं में मिट्‌टी के नमूनों की जांच शुरू हो जाएगी। रखरखाव के लिए भी दिखवाते हैं।

**- मनीष मिश्रा,**
उपसंचालक कृषि

### अधिकारियों एवं आवेदक अधिवक्ताओं की हुई राजीनामा बैठक

**कटनी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी, जितेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में सोमवार 21 अप्रैल को नेशनल इंश्योरेंस बीमा कंपनी एवं यूनाईटेड बीमा कंपनी के अधिकारियों एवं आवेदक अधिवक्ताओं की लोक अदालत पूर्व राजीनामा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में बीमा कंपनी के अधिकारी अधिवक्ता एवं आवेदक अधिवक्ता ने शामिल होकर न्यायालय में लंबित मोटर दावा दुर्घटना प्रकरणों के राजीनामे के आधार पर निराकरण हेतु चर्चा की गई। साथ ही अधिक से अधिक प्रकरणों में राजीनामा होने की संभावना व्यक्त की गई। बैठक में अमित रंजन समाधिया, संजय पाल सिंह बुंदेला जिला न्यायाधीशगण की उपस्थिति रही।

सचिव सुमित शर्मा एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी हर्षित बिसेन ने 10 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों को आपसी समझौते से निराकरण करने आव्हान किया।

**पंचायत स्तर पर पहुंच कलेक्टर सुन रहे जनता की समस्याएं**

# ग्राम पंचायत सिहुड़ी में 24 को होगा लोक सुनवाई-सह-जनसंवाद कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विकासखंड बहोरीबंद के ग्राम पंचायत सिहुड़ी में गुरुवार 24 अप्रैल को शाम 4 बजे से आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव शिरकत करेंगे। कलेक्टर श्री यादव जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर , शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। बताते चलें कि लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में मिलने वाली समस्याओं और शिकायतों के हर आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्री यादव स्वयं समीक्षा करते हैं।



### उम्मीद से आते हैं व्यक्ति

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है कि जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन के साथ जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता बरती जाए।समस्या लेकर यहां आने वाले सभी व्यक्ति निराकरण की उम्मीद से आते हैं, ऐसे में उनके दुःख -दर्द का नियमानुसार निपटारा करना अधिकारियों का नैतिक दायित्व है।

### यहां होगा लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम

गुरुवार 24 अप्रैल को बहोरीबंद विकासखंड के ग्राम पंचायत सिहुडी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके अलावा गुरुवार 1 मई को बडवारा विकासखंड के ग्राम पंचायत बरनमहगवां मे, गुरुवार 8 मई को विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कारीतलाई में, गुरुवार 15 मई को ढीमरखेड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत अंतर्वेद में तथा गुरुवार 22 मई को विकासखंड रीठी के ग्राम पंचायत मुहास में और गुरुवार 28 मई को विकासखंड कटनी के ग्राम पंचायत हीरापुर कौड़यि में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होगा।

लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के सभी आयोजन शाम 4 बजे से निर्धारित तिथि और स्थान पर होगा।

# ई-ऑफिस से चलेंगी फाइलें, पेपरलेस होगी कार्यप्रणाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जनवरी 2025 में मुख्यमंत्री आवास से ई-ऑफिस कार्यप्रणाली का शुभारंभ किया था। जिसके बाद जिले स्तर पर ई-ऑफिस को लागू करने का कार्य शुरू हो चुका है। कलेक्टर कार्यालय इस कार्यप्रणाली में शीघ्र ही पूरी तरह से ऑन-बोर्ड हो जाएगा। साथ ही जिले के कई विभागों में भी ई-ऑफिस में ऑन-बोर्ड होने की प्रक्रिया संचालित है। जिले के कई कार्यालयों ने ई-ऑफिस से फाइलें भेजने का कार्य प्रारंभ भी कर दिया है। ई-ऑफिस एक डिजिटल क्रांति के रूप में हैं। इससे सिंगल क्लिक से अनुमोदित कर फाइल संबंधित कार्यालय को वापस कर सकते हैं। जिले में क्रमशः अनुभाग, जनपद और तहसील स्तर तक इसे लागू किया जाएगा। ई-ऑफिस से नोटशीट बनाना, ड्राफ्ट को अप्रूवल करना, ई साइन करके फाइल आगे बढ़ाना काफी आसान है। इस संबंध में विभागवार रोस्टर जारी कर अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। ई-आफिस से अधिकारी-कर्मचारी अपनी शासकीय ई मेल आईडी से अन्य अधिकारी को फाइलें भेज सकेंगे और वरिष्ठ अधिकारी से अनुमोदन भी ऑनलाइन ही प्राप्त कर सकेंगे। ई-आफिस सिस्टम से समय और पेपर दोनों की बचत होगी साथ ही शासकीय कार्यप्रणाली में गति एवं पारदर्शिता आएगी। फाइल की हेराफेरी एवं काट-छांट की गुंजाइश समाप्त होगी।

# हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में कटनी तीन अग्रणी जिलों में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के मामले में कटनी जिला प्रदेश के प्रथम समूह के 28 जिलों में ए ग्रेड के साथ तीसरे स्थान पर है। राज्य शासन द्वारा सीएम हेल्पलाइन के मार्च माह तक की प्रगति के पर्यवेक्षण और अनुश्रवण के बाद जारी रैंकिंग में कटनी जिले ने 84.55 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड अर्जित किया है।

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की निरंतर की जा रही समीक्षा की वजह से कटनी जिले ने मार्च माह में प्रथम समूह के 28 जिलों में तीसरा स्थान हासिल किया है। कलेक्टर श्री यादव ने सभी विभागों के जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता के साथ संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें।

लोकसेवा के जिला प्रबंधक दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि राज्य शासन द्वारा जारी मार्च माह की ग्रेडिंग में आलोच्य अवधि तक कटनी जिले को कुल मिली 8280 शिकायतों मे से 50.53 वेटेज स्कोर के साथ शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया गया है।

### पुलिस, नगर निगम व जिला पंचायत ने हासिल किया ए ग्रेड

सीएम हेल्पलाइन की समस्याओं एवं शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के मामले में पुलिस विभाग ने मार्च माह में प्राप्त 787 शिकायतों में से 53.98 वेटेज स्कोर के साथ शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया और 89.66 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड हासिल किया है।

इसी प्रकार नगर निगम ने आलोच्य अवधि में 610 सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों में से 55.87 वेटेज के साथ शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कर कुल 93.96 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड हासिल किया है। इसके अलावा जिला पंचायत ने मार्च माह में 1501 शिकायतों में से 54.12 वेटेज के साथ शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया है। साथ ही जिला पंचायत ने 90.28 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड अर्जित किया है।






**कलेक्टर ने अधिकारियों को कार्य में और तेजी लाने दी हिदायत**

# 7 लाख 41 हजार राशन पात्रता पर्चीधारियों की हुई ई-केवायसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कटनी जिले के सभी पात्र 9 लाख 47 हजार 99 हितग्राहियों को निशुल्क राशन सुविधा का निर्बाध लाभ मुहैया कराने के लिए कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर अभियान चलाकर 30 अप्रैल तक सभी का ई-केवाईसी कराया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देश के पालन में अब तक 7 लाख 41 हजार 459 हितग्राहियों की ई-केवायसी कराई जा चुकी है। जो तय लक्ष्य का करीब 79 प्रतिशत है। कलेक्टर श्री यादव ने इस कार्य में और अधिक तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर श्री यादव ने शासकीय उचित मूल्य की दुकान से राशन प्राप्त करने वाले सभी हितग्राहियों से अपील की है कि वे 30 अप्रैल तक अपना ई-केवायसी अनिवार्य रूप से करा लेंवे। ताकि हितग्राहियों को मई माह में भी बिना किसी व्यवधान के निर्बाध राशन मिलता रहे।

### बड़वारा अव्वल, कटनी फिसड्डी

जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के 9 लाख 47 हजार 99 राशन पात्रता पर्चीधारी हैं। इनमें से अबतक 7 लाख 41 हजार 459 हितग्राहियों की ई-केवायसी हो चुकी है। इनमें से जनपद पंचायत बड़वारा में 1 लाख 25 हजार 645 ई-केवायसी कर प्रथम स्थान पर है। जबकि जनपद पंचायत बहोरीबंद 1 लाख 34 हजार 714 ई-केवायसी कर दूसरे स्थान पर, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ 1 लाख 15 हजार 933 ई-केवायसी कर तीसरे स्थान पर, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा 1 लाख 15 हजार 700 हितग्राहियों का ई-केवायसी कर जिले में चौथे स्थान पर है। जबकि जनपद पंचायत रीठी 84482 ई-केवायसी कर पांचवें स्थान पर एवं जनपद पंचायत कटनी 81 हजार 472 ई-केवायसी कर सभी जनपद पंचायतों में अंतिम स्थान पर है।

### निकायों में बरही अव्वल

ई-केवायसी कराने के मामले में जिले की 4 नगरीय निकायों में से नगर परिषद बरही ने 7 हजार 683 हितग्राहियों का ई-केवायसी कर 82.92 फीसदी उपलब्धि के साथ पहले स्थान पर है। जबकि नगर निगम कटनी ने अब तक 63 हजार 879 हितग्राहियों का ई-केवायसी कर द्वितीय स्थान पर तथा नगर परिषद कैमोर 8 हजार 887 ई-केवायसी कर तीसरे पायदान पर और नगर परिषद विजयराघवगढ़ ने 4 हजार 64 हितग्राहियों का ई-केवायसी कर चौथे और अंतिम स्थान पर है।

मोबाइल एप के माध्यम से ई-केवायसी करने के लिये राशन हितग्राहियों को अपने स्मार्ट एंड्रॉयड मोबाइल फोन पर गूगल प्ले स्टोर से मेरा eKYC एप डाउनलोड करना होगा। मोबाइल एप डाउनलोड करने के साथ ही राशन उपभोक्ताओं को अपने मोबाईल पर फेस आरडी की लिंक को भी डाउनलोड करना जरूरी होगा। हितग्राहियों को इस बात का विशेष ध्यान रखना होगा कि मेरा मझ्ल्बएप का उपयोग करते समय उनकी मोबाईल लोकेशन अनिवार्यतः चालू रहे।

## खबर संक्षेप

### 25 अप्रेल से स्कूल बंद करने की मांग : आप

**कटनी।** जिले में संचालित सभी सरकारी एवं गैर सराकरी एवं केन्द्रीय विद्यालय मान्यरत शिक्षण संस्थाओं को इस भीषण गर्मी में 44 डिग्री तापमान में 25 अप्रेल से अर्थात 05 दिन पूर्व स्कूल बंद करने की मांग कटनी आम आदमी पार्टी ने की है। इस भीषण गर्मी में सुबह 10-11 बजे से ही 44 डिग्री तापमान हो गया है जिससे छोटे-छोटे बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और बच्चों को उल्टी होना सिर दर्द के साथ गंभीर बीमारी होने का खतरा बना हुआ है। इसको देखते हुये सभी स्कूलों 25 अप्रेल से बंद करने की मांग जिला कलेक्टर से की है।

### डिप्रेशन में था प्रौढ़ इसलिए की आत्महत्या

**कटनी।** रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बरगवां क्षेत्र में ओवरब्रिज से नीचे कूदकर कृष्ण धाम कॉलोनी निवासी अतुल सिंघानी 50 ने आत्महत्या कर ली थी। पुलिसिया जांच में यह बात सामने आई कि कि डिप्रेशन में होने के कारण आत्मघाती कदम उठाए हैं। रंगनाथ नगर थाना प्रभारी नवीन नामदेव ने बताया कि परिजनों ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि पत्नी 10 दिन पहले बच्चों को लेकर छोड़कर चली गई थी। जिससे वह परेशान रहता था। मृतक के एक बेटा व एक बेटी हैं तो वह मां के साथ रह रहे हैं। पत्नी बिल्कुल भी मतलब नहीं रख रही थी। कुछ दिनों से घर पर ही मां और भाई के साथ घर पर रहता था। कई दिनों से डिप्रेशन में रहता था। कामधाम भी नहीं कर रहा था। शनिवार को अचानक उसने फ्लाइओवर से कूदकर मौत को गले लगा लिया।

### बड़वारा थाना एवं खितौली चौकी के प्रभारी बदले

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा बड़वारा थाने की कमान उप निरीक्षक केके पटेल को सौंप दी है। बड़वारा थाने में पदस्थ उप निरीक्षक किशोर कुमार द्विवेदी अब केके पटेल की जगह खितौली चौकी की कमान संभालेंगे। आदेश जारी होने के बाद दोनों ही उप निरीक्षकों ने पदभार भी ग्रहण कर लिया है। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक श्री रंजन के द्वारा रीठी थाने में पदस्थ उप निरीक्षक दिनेश सिंह चौहान को विजयराघवगढ़ स्थानांतरित कर दिया गया है। विजयराघवगढ़ में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक जय सिंह ठाकुर को एनकेजे स्थानांतरित किया गया है।

### शिकायतों के निराकरण में नगर निगम टॉप 3 जिलों में शामिल

**कटनी।** सी.एम. हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टि पूर्ण निराकरण के मामले मे नगर निगम टॉप 3 अग्रणी जिलों में शामिल है। शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण मे नगर निगम कटनी ने 93.96 वेटेज स्कोर के साथ तृतीय स्थान हासिल किया है। निगमायुक्त श्री दुबे ने इस उपलब्धि हेतु निगम के सभी संबंधित अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए आगे भी इसी प्रकार लगन तथा मेहनत से कार्य करने के लिए कहा। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा प्रत्येक माह सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण के आधार पर ग्रेडिंग जारी की जाती है। सीएम हेल्पलाइन की परफॉर्मेंस के आधार पर ए. बी.तथा सी. ग्रेड निर्धारित किया जाता है। आयुक्त नीलेश दुबे ने विभागों के अधिकारियों को सी.एम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में और अधिक संवेदनशीलता के साथ कारगर पहल करने के निर्देश दिए हैं । नगर निगम द्वारा मार्च माह में प्राप्त कुल 610 शिकायतों का 55.87 वेटेज स्कोर के साथ शिकायतों का निराकरण किया गया है।

### जिले में लक्ष्य से अधिक जलदूत हुये पंजीकृत

**कटनी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले के युवाओं को प्रेरित कर उनकी स्वेच्छा से जलदूत के रूप में पंजीकृत कराकर माई भारत पोर्टल से कम्प्यूटर जेनरेटेड प्रमाण पत्र देने के मामले में कटनी जिला प्रदेश मेंअग्रणी है। कटनी जिले को जलदूत के रूप में पंजीयन करने का 2,600 जलदूतों का लक्ष्य मिला था। जिसके विरूद्ध कटनी जिले ने अब तक 2,868 जलदूतों का पंजीयन कर लिया गया है। जो लक्ष्य का 110.30 प्रतिशत उपलब्धि है।

---

रिकार्ड एफआईआर दर्ज कराने वाला कटनी संभवत: प्रदेश का पहला जिला

# नरवाई जलाने पर अब तक 27 व्यक्तियों पर दर्ज हुई एफआईआर, 75 हजार रूपए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा फसल अवशेष नरवाई संबंधी जारी प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाही करते हुए अब तक रिकार्ड 27 प्राथमिकी जिले के अलग-अलग पुलिस थानों में दर्ज कराई जा चुकी है। साथ ही 16 किसानों से कुल मिलाकर 75 हजार रूपये का अर्थदंड भी वसूला गया है। इस प्रकार नरवाई जलाने वालों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने के मामले में कटनी जिला प्रदेश में संभवतरू प्रथम स्थान पर है।

### अग्नि हादसे की होती है संभावना

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जिले के सभी किसानों से आग्रह किया है कि वे अपने खेतों में खड़े डंठलों, फसल अवशेष नरवाई को न जलायें। नरवाई जलने से उड़ने वाली चिंगारी से आस-पास के खेत व अन्य तरीकों से अग्नि की दुर्घटना घटने की संभावना बनी रहती है। इसके अलावा खेत में नरवाई जलाने से बड़ी मात्रा में धुआं उत्पन्न होता है। जिससे पर्यावरण प्रदूषण भी बढ़ता है। साथ ही मिट्टी की उर्वरा शक्ति पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है इसलिए किसान भाई नरवाई न जलायें।

### नरवाई जलाने पर अर्थदंड

कोई किसान या व्यक्ति यदि नरवाई में आग लगाता है तो नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार क्षतिपूर्ति स्वरूप अर्थदंड के तय प्रावधान के तहत 16 व्यक्तियों पर जुर्माना लगाया गया है। फसल अवशेषों में आग लगाने वाले के विरूद्ध 2 एकड़ से कम भूमि वाले कृषकों को 2500 रूपये का अर्थदंड प्रति घटना और 2 एकड़ से अधिक और 5 एकड़ से कम भूमि वाले कृषकों को 5 हजार रूपये का अर्थदंड प्रतिघटना तथा 5 एकड़ से अधिक भूमि वाले किसानों को नरवाई में आग लगाने की प्रति घटना पर 15 हजार रूपये का अर्थदंड का प्रावधान है।

नरवाई जलाने पर जिले के 16 किसानों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने के साथ-साथ 75 हजार रूपये अर्थदंड भी लगाया गया। एसडीएम बहोरीबंद श्री राकेश कुमार चौरसिया ने बताया कि स्लीमनाबाद तहसील के ग्राम धरवारा निवासी प्रमोद पटेल के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने के साथ-साथ 2 हजार 500 रूपये का जुर्माना लगा है। इसी प्रकार ग्राम पडरभटा निवासी रामसिंह पटेल के विरूद्ध ढाई हजार, हरदुआ निवासी विजय मित्तल के विरूद्ध 15 हजार एवं गुदरी निवासी रामाधर सोनी के विरूद्ध 15 हजार रूपये और बहोरीबंद तहसील के ग्राम किरहाई पिपरिया निवासी रामकृपाल कोल एवं खम्हरिया निवासी ब्रजेश बर्मन से ढाई हजार रूपये का जुर्माना वसूला गया है। इसी प्रकार एसडीएम कटनी श्री प्रदीप कुमार मिश्रा ने बताया कि बड़वारा तहसील के ग्राम मझगवां निवासी राममहेश मौर्य और नन्हवाराकला के उपेन्द्र रूहेल से 5-5 हजार रूपये का अर्थदंड वसूला गया। वहीं अमाड़ी निवासी श्रवण रामदुलारे नाई, ईश्वरी प्रसाद पटेल , अनुराग पटेल व नन्हवारा कला निवासी शंभू पिता ज्वाला से ढाई-ढाई हजार रूपये का जुर्माना वसूला गया।

कटनी तहसील के ग्राम जरवाही के शिवकुमार पटेल व पहाड़ी निवासी मनोज सिंह से 5-5 हजार रूपये और रीठी तहसील के ग्राम घिनौची निवासी मेकूलाल एवं बिलहरी में मित्तल ट्रैक्टर्स के डायरेक्टर से ढ़ाई-ढ़ाई हजार रूपये की वसूली की गई है। इसके अलावा ढीमरखेड़ा अनुविभाग में कुल 8 एफआईआर और विजयराघवगढ़ अनुविभाग में 3 प्रथम सूचना रिपोर्ट पुलिस थाना में दर्ज कराई गई है।

इस प्रकार जिले में दर्ज कुल 27 एफआईआर में से नरवाई जलाने वाले 16 किसानों से अब तक 75 हजार रूपये का जुर्माना भी वसूला जा चुका है।

---



# मिशन मोड में ई-केवायसी का किया जा रहा है कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मप्र शासन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन के निर्देशानुसार नगर निगम के साथ-साथ प्रदेश भर में मिशन मोड के रूप में ई-केवाईसी का कार्य जारी है।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में समग्र ई-केवाईसी की सुविधा का नागरिकों को लाभ प्रदान करने की दृष्टि से प्रत्येक वार्ड में प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आपने नागरिकों से आयोजित हो रहे शिविरों का लाभ उठाकर ई केवाईसी की सुविधा का लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

### महापौर और आयुक्त ने शिविरों का लाभ उठाने लोगों से किया आग्रह

### आज इन वार्डों में आयोजित हुए शिविर

निगम प्रशासन द्वारा वार्डवार आयोजित किए जा रहे शिविरों के तहत सोमवार 21 अप्रैल को नगर निगम सीमांतर्गत 6 वार्डों बाबू जगजीवन राम वार्ड, शिवाजी वार्ड, अंबेडकर वार्ड, गुरुनानक वार्ड, रघुनाथ गंज वार्ड एवं ईश्वरीपुरा वार्ड में शिविर आयोजित किए गए।इस दौरान वार्ड के नागरिकों से डोर टू डोर संपर्क किया जाकर शिविर स्थल की जानकारी दी जाकर शिविर में उपस्थित नागरिकों को ई केवायसी की सुविधा का लाभ प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि नागरिकों की सुविधा के चलते मंगलवार 22 अप्रैल को भी इन्हीं वार्डों में प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

---

*ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र में हुई घटना, आरोपी को भेजा गया जेल*

# बालिका के साथ मूकबधिर युवक ने किया कुकर्म, पुलिस ने धर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



एक दिव्यांग युवक के द्वारा 8 वर्षीय बालिका के साथ कुकृत्य किया। हो हल्ला होने पर वह फरार हो गया। शिकायत मिलते ही सक्रिय हुई पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। बालिका से हैवानियत की यह घटना ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र की है। बताया जाता है कि 8 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दोपहर में एक मूकबधिर युवक ने बच्ची को खेत में अकेला पाकर उसके साथ दरिंदगी की है। जब आरोपी बच्ची के साथ दुष्कर्म कर रहा था तभी बच्ची की नानी वहां पहुंच गई और आरोपी भाग निकला। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया है।

पुलिस के अनुसार बालिका अपने नाना नानी के पास रहती है। उनका खेत गांव से कुछ दूर स्थित है। वहां पर वे मूंग उड़द की फसल की तकवारी करते हैं। शनिवार दोपहर जब नानी पानी लेने के लिए चली गई तभी मूक बधिर दिव्यांग युवक आरोपी 22 वर्षीय बेड़ी लाल कोल खेत पर पहुंचा और बच्ची के साथ जबरदस्ती करने लगा। जैसे ही बच्ची की नानी खेत पहुंची तो उसने नातिन के चीखने की आवाज सुनी। जब उसने कंबल हटा कर देखा तो आरोपी बच्ची के साथ दुष्कर्म कर रहा था। नानी ने शोर मचाया तो बदमाश वहां से भाग निकला। पुलिस ने बताया कि 8 वर्षीय नाबालिक बच्ची कक्षा दूसरी की छात्रा है जिसके साथ बलात्कार का मामला सामने आया है।

घटना के बाद परिजन बच्ची को लेकर सिलौड़ी चौकी पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। महिला अधिकारी चौकी व ढीमरखेड़ा थाने में न होने पर मामला जांच के लिए महिला थाना प्रभारी को सोपा गया पुलिस ने बच्ची का जिला अस्पताल में मुलायजा करते हुए बदमाश के खिलाफ धारा 65(2) बीएनएस 5 एम 6 पास्को एक्ट के तहत कार्यवाही की है। पुलिस की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार करके न्यायालय पेश कर दिया है जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। बताया जाता है कि मासूम बच्ची के साथ दरिंदगी किए जाने के कारण उसकी तबीयत खराब हो गई है। जिससे उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

---

### नरवाई में लगाई आग, मशक्कत से पाया काबू



कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत कृषि मंडी रोड पर स्थित मल्टी के बगल में दोपहरी के समय खेत की नरवाई में आग लग गई। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि खाली पड़े लगभग 2 एकड़ के खेत मे गेंहू कटने के बाद नरवाई में आग लगा दी गई। आग ने धीरे धीरे विकराल रूप धारण कर लिया और आग बढ़ने लगी, जिसके कारण वल्लभनगर और मल्टी में निवासरत नागरिकों को आग के धुएं और तपन से जलन महसूस होने लगी। किसी ने 100 डायल को फोन किया। मौके पर पुलिस पहुंची मौके की नजाकत को देखते हुए नगर निगम के फायर ब्रिगेड अमले को सूचित किया गया। करीब दो फायर ब्रिगेड की गाडियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और रहवासियों ने राहत की सांस ली।

---

शासकीय प्राथमिक शाला पुरानी बस्ती खिरहनी का वीडियो हुआ था वायरल

# वायरल वीडियो की गठित टीम ने की जांच शिक्षक के विरूद्ध अपराध किया पंजीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय प्राथमिक शाला पुरानी बस्ती खिरहनी में पदस्थ शिक्षक लाल नवीन प्रताप सिंह का गत दिनो एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ जिसमें वे स्कूली बच्चों के साथ बैठकर कुछ पेय पदार्थ पीने के लिए देते नजर आ रहें हैं। यह वीडियो प्रशासन तक पहुंचा, जिस पर जिला कलेक्टर दिलीप यादव ने बिना देरी किए मामले का संज्ञान मे लेकर शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। वही उक्त घटना की तथ्यात्मक जांच कराये जाने हेतु नितिन पटेल. तहसीलदार बरही की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया जिसमें नितिन पटेल तहसीलदार बरही, ,बीआर भगत विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बडवारा, इन्द्र कुमार साहू, विकासखण्ड परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास जनपद बड़वारा, सुबरण सिंह राजपूत, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक जनपद शिक्षा केन्द्र बड़वारा द्वारा जांच कर उक्त जांच समिति ने अपना जांच प्रतिवेदन स्पष्ट अभिमत के साथ 20 अप्रैल को कटनी कलेक्टर को प्रस्तुत किया हैं।

इस संबंध मे श्रम पदाधिकारी कार्यालय कलेक्टर रमाकांत लोधी पिता सुशील कुमार लोधी 32 वर्ष के द्वारा 20 अप्रैल 2025 को रात 11.52 मिनट पर लालनवीन प्रताप सिंह पिता लाल उदय राज सिंह 58 वर्ष निवासी खिरहनी थाना बरही के विरुद्ध बालकों से अवैध रूप से श्रमिक के रूप मे कार्य कराने पर अपराध क्रमांक 233/25 धारा 3,14 बालक श्रम प्रतिषेध और विनियमन अधिनियम 1986 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर पुरे मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी गईं हैं।

फिलहाल मामले की विस्तृत जांच जारी है और शिक्षक पर आगे और भी कठोर कार्रवाई की संभावनाएं जताई जा रही हैं। अब देखने वाली बात होगी कि इस घटना के बाद प्रशासन और शिक्षा विभाग किस तरह से भविष्य में ऐसी घटनाओं पर लगाम लगाते हैं।

---

*महापौर ने कहा निर्माण कार्य के दौरान पाइप लाइन क्षतिग्रस्त न हो*

# जालपा वार्ड में चल रहे डामरीकरण कार्य का महापौर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शहर विकास एवं नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा विकास कार्यों का सिलसिला अनवरत जारी है। इसी श्रृंखला में जालपा देवी वार्ड की विभिन्न गलियों में कराए जा रहे डामरीकरण कार्य का महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने शुक्रवार को औचक निरीक्षण कर नागरिकों की दैनिक सुविधाओं को देखते हुए गुणवत्ता के साथ कार्य को तय समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य एवं स्थानीय पार्षद डॉ रमेश सोनी ,सुभाष साहू , क्षेत्रीय उपयंत्री अश्वनी पांडे सहित निर्माण ठेकेदार की भी मौजूदगी रही।

विदित हो कि महापौर श्रीमती प्रीति सूरी द्वारा बुधवार को ही लगभग 63 लाख रुपए से अधिक के सामुदायिक भवन, तिराहा सौंदर्यीकरण हेतु स्तंभ निर्माण सहित नाली निर्माण के कार्यों की सौगात वार्डवासियों को दी गईं थी।

नगर के प्रमुख आस्था का केंद्र जालपा देवी मंदिर में रोजाना हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का आना जाना होता है। श्रद्धालुओं एवं नागरिकों की सुगम आवागमन व्यवस्था को देखते हुए संस्कार भारती स्कूल के सामने चौराहे, इमली के पेड़ से श्रीमती मधु मिश्रा के घर तक एवं काली माता मंदिर गली सहित विजय रोलिंग शटर से जालपा मंदिर दुर्गा माता स्टेज तक के मंदिर पहुंच मार्गों में डामरीकरण कार्य कराया जा रहा है।

महापौर श्रीमती सूरी ने जालपा देवी वार्ड में चल रहे डामरीकरण कार्य के तीनों स्थलों का पैदल भ्रमण कर जायजा लिया। इस दौरान स्थानीय जनों से संवाद करते हुए यह निर्माण कार्य नागरिकों की सुविधा के लिए ही कराए जाने की बात कही । नव निर्मित रोड से तत्काल आवागमन न कर निगम प्रशासन का सहयोग प्रदान करने का आग्रह भी महापौर ने स्थानीय नागरिकों से किया। महापौर श्रीमती सूरी ने निर्माण कार्य के दौरान नागरिकों की पेयजल सप्लाई पाइपलाइन बाधित न हो इस बात का विशेष ध्यान रखने के निर्देश उपयंत्री एवं ठेकेदार को दिए।

---

सतगुरू बाबा ईश्वर शाह द्वारा ग्रीष्मकालीन शिविर का किया गया शुभारंभ

# बालक-बालिकाओं को विभिन्न विधाओं का दिया जा रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



सतगुरु सांई ईश्वरशाह साहिब की प्रेरणा से बालसंस्कार की कक्षाएं संचालित है जहाँ पर 3 वर्ष से 15 वर्ष के बालक-बालिकाओं को व्यवहारिक ज्ञान, बौद्धिक ज्ञान, सामान्यज्ञान, अनुशासन, शिष्टाचार, कम्प्यूटर, प्रेरक प्रसंगों, महापुरुषों के जीवन चरित्र, सफल लोगों के जीवन सूत्रों निज अनुभवों की शिक्षा साथ साथ बागवानी, वृक्षारोपण, साफ सफाई स्वच्छता और खेलकूद व्यायाम , योगाभ्यास, नाटक , सिमरन- ध्यान, सेवा, भजनगायन , नृत्य, एकांकी, हैंडक्राफ्ट, सिलाई कढ़ाई बुनाई आदि की शिक्षा के साथ एकांकी, कहानियों के माध्यम से एकता भाईचारे का पाठ सिखाया जाता है।

20 अप्रैल को हरे नारायण भवन में ईश्वरशाह साहिब के द्वारा "हरे माधव बालक ग्रीष्म शिविर का शुभारंभ किया गया जिसमे बच्चो के लिए ड्राइंग, पेंटिंग, स्केचिंग, फायरलेस कुकिंग, प्लैटिंग, रंगोली, गायन, संगीत वाद्ययंत्र का वादन-गायन, हरेमाधव भजन योगा द्वारा नृत्यव्यायाम, चैस, फोनिक्स, क्विलिंग, वैदिक मैथ्स, आर्ट क्राफ्ट्स, स्कैचिंग सेल्फ ग्रुमिंग एवं स्पोकन इंग्लिश, हैड एम्ब्राइडरी, अबैक्स & फानिक्स, राईटिंग स्किल्स, वैदिक गणित, इत्यादि अनुभवि प्रक्षिशित सेवादारों द्वारा बच्चो को बुनियादी प्रशिक्षण प्रतिदिन दिया जा रहा है।

### बच्चों का हो सर्वांगीण विकास

आज मानवता भागदौड़ भरी अंधी संसारी दौड़ में भटक रही है मानव आधुनिकता के नाम पर विकारों में उलझ रहे जीवन मूल्यों को भुला रहे है जिसमें बच्चे एवं युवा अधिक है जो मानसिक अवसाद तनाव के शिकार हो जाते है हरिराया सतगुरु सांई जी का ध्येय यही कि बच्चे, बालगोपाल ,युवा विकार रहित उन्नति करें, मानसिक प्रदुषण से दूर रहे अनुपम मिठास से भरे रहे, आन्तरिक भक्ति का महारस चखे , इसके साथ उसमें परमार्थी सद्गुण व दिव्य संस्कार भी उपजे बच्चों का सर्वांगीण विकास बचपन से ही होना शुरु हो तो लाभ दायक है । संतजन आधुनिक होने का अर्थ समझाते हुए बताते है मनुष्य सनातन परम्पराओं और उसके जीवन मूल्यों को समाहित कर पारम्परिक, सांस्कृतिक, धार्मिकता का सन्तुलन बनाते हुए विवेकयुक्त बुद्धि से नित नये आविष्कारों विचारों का सृजन करना हैं आधुनिकता नकल नहीं।

जिस प्रकार आकाश से पानी बरसता है वह घरा का स्पर्ष के बिना उपयोगी नहीं बनता उसी प्रकार बाहरी शिक्षा हम कितनी भी प्राप्त कर लें पर आन्तरिक शिशा के उच्च संस्कारों जब तक नहीं मिलते तब तक वह शिक्षा बहुउपयोगी नहीं हो पाती, कार्य कुशलता का विकास नहीं होता। इसी वास्ते हाजिरा हुजूर सतगुरु सांई ईश्वरशाह साहिब जी ने हरेमाधव रुहानी बाल संरकार की बगिया खिला बच्चो के सर्वांगीण विकास की आधारशिला रखी सतगुरु सांईजन की प्रेरणा, आशीर्वाद के दिव्य मार्गदर्शन में 24 नगरों में हरेमाधव रुहानी बाल संस्कार की पाठशालाएं सेवाएं प्रदान कर रही है। सभी नगरों में हरेमाधव बालकाः ग्रीष्म शिविरम्-की सेवाएं प्रदान की जाएगी। शुरुआत माधवनगर कटनी के पश्चात क्रमशः सभी 24 नगरों में ग्रीष्म शिविर आयोजित किया जाएगा।

---



# 27 तक चलेगा एनसीसी कैडिटों का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

एनसीसी कटनी का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर लेफ्टिनेंट कर्नल विनोद सिंह के नेतृत्व में 27 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है जिसमें विभिन्न कॉलेज एवं स्कूलों से 500 प्रतिभागी कैडेट सहभागिता कर रहे हैं। कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल विनोद सिंह द्वारा ओपनिंग एड्रेस देते हुए कैडेट्स को उनके जीवन में एन सी सी के महत्व को रेखांकित करते हुए विस्तार से बताया गया। इस संबोधन के दौरान विशेष रूप से नवप्रवेशी कैडेट्स ने अपने प्रश्नों के उत्तर महोदय से प्राप्त करते हुए अपनी शंकाओं का समाधान भी किया। यह प्रशिक्षण शिविर 27 अप्रैल तक जारी रहेगा जिसके दौरान कैडेट्स को लीडरशिप एवं पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, आपदा प्रबंधन, युद्ध कौशल, क्षेत्र कौशल,वेपन ट्रेनिंग,ड्रिल,मैप रीडिंग आदि के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम में सभी पीआई स्टाफ एवं स्कूल तथा कॉलेज के ए एन ओ उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अमानगंज शहर में सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर अमानगंज नगर में सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक समस्त भारी एवं व्यवसायिक वाहनों का प्रवेश व आवागमन प्रतिबंधित किया है। अब समस्त भारी वाहन निर्धारित समय में अमानगंज बायपास मार्ग से होकर जाएंगे। पुलिस अधीक्षक द्वारा पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया था कि अमानगंज कस्बा के बायपास रोड का निर्माण और सुधार कार्य पूर्ण हो चुका है। वर्तमान में अमानगंज कस्बे से भारी वाहनों के आवागमन से यातायात व्यवस्था अवरूद्ध होने तथा प्रायः जाम की स्थिति निर्मित होने से आमजनों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। साथ ही संकीर्ण बाजार से अधिक वाहनों के आवागमन से सड़क दुर्घटनाओं की संख्या भी बढ़ रही है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा मोटर व्हीकल अधिनियम 1988 की धारा 115 एवं म.प्र. मोटर व्हीकल नियम 1994 के नियम 115 के तहत भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित करने का आदेश जारी किया गया है। आवश्यक सेवाओं के वाहनों जैसे फायर बिग्रेड, एम्बुलेंस, पुलिस वाहन, नगरीय निकाय की स्वास्थ्य सेवाओं में लगे वाहन, एलपीजी व पेट्रोलियम पदार्थ वाहन, दुग्ध वाहन, विद्युत मंडल के कार्यों में संलग्न वाहन, राज्य शासन की निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों के उठाव कार्य में लगे वाहन तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत उचित मूल्य दुकानों में युवा अन्नदूत योजना के तहत शासकीय खाद्यान्न उठाव कार्य में लगे वाहनों को उक्त प्रतिबंध से छूट रहेगी।

### पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में मनाया गया विद्या प्रवेश उत्सव



**पन्ना।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पन्ना में आज कक्षा 1 में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए विद्या प्रवेश उत्सव मनाया गया। यह विशेष आयोजन विद्यालय में शिक्षारंभ की परंपरा को सम्मान देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। विद्यालय प्राचार्य अमित दाहिया द्वारा दीप प्रज्वलन कर एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा एक मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया, जिसने सभी उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अगले चरण में प्राथमिक विभाग की वरिष्ठ शिक्षिका कोमल सैनी ने विद्या प्रवेश की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विद्यालय के नियमों और अनुशासन संबंधी जानकारी अभिभावकों को दी। विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक समूह नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। इस प्रस्तुति में भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों की झलक भी देखने को मिली। प्राचार्य श्री दाहिया ने बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व और विद्यालय की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने शिक्षा के पहले दिवस को बच्चों के जीवन की नई शुरुआत बताया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के समापन पर वरिष्ठ स्नातकोत्तर शिक्षक नीरज चौरसिया ने उपस्थित सभी अभिभावकों, छात्रों, शिक्षकों एवं स्टॉफ का आभार माना।

### पीड़ित पति ने एकता परिषद के साथ कलेक्टर से न्याय और सहायता मांगी

# लापरवाहीपूर्वक सीजर आपरेशन करने के चलते प्रसव के आठ माह पश्चात पीडिता ने तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

दमोह जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों व्दारा प्रथम प्रसव सीजर ऑपरेशन के दौरान बरती गई घोर लापरवाही के चलते मंगोलपुर गाँव की एक नव विवाहित महिला ने 08 माह के अथक जीवन-संघर्ष के पश्चात अन्ततः दम तोड़ दिया। मृतिका अपने प्रथम बच्चे को जन्म देकर दुनिया से विदा हो गई। पति घर, जेबर बेचकर एवं लाखों का कर्ज लेकर उपचार कराने के बाद भी अपने जीवन साथी की जान नही बचा सका। इन्हीं जिला अस्पताल के दोषी चिकत्सकों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने एवं नवजात शिशु के उचित लालन पालन हेतु शासन से अधिकाधिक आर्थिक मदद करने मृतिका के पति उमेश पटेल ने म. प्र. एकता परिषद के पूर्व राज्य समन्वयक सुजात खान के साथ दमोह कलेक्ट्रेट पहुँच कर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर को सोमवार को आवेदन पत्र सौपा है। कलेक्टर ने इस दिशा में शीघ्र उचित कार्रवाई करने का आश्वासन पीड़ित को दिया है। अब देखना है कि दमोह चिकित्सालय में हो रहीं इन



लापरवाहियो को लेकर जिला शासन- प्रशासन क्या कार्रवाही करता है।

इस संबंध में कलेक्टर को सौंपे गए आवेदन पत्र में पीड़ित पति उमेश पटेल पिता जानकी प्रसाद पटेल ग्राम व पंचायत मंगोलपुर थाना व ब्लॉक पटेरा जिला दमोह ने बताया कि हमने अपनी पत्नी भारतीय पटेल का प्रथम प्रसव स्वस्थ एवं सुरक्षित कराने की दृष्टि से 31 जून 2024 को सबसे पहले उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पटेरा में भर्ती कराया । यहां पर डॉक्टरों ने बताया कि बच्चेदानी का मुंह बंद है अतः उसी दिन डॉक्टरों की सलाह पर दमोह जिला चिकित्सालय ले जाकर भर्ती कराया। यहां पर दिनांक 01 जुलाई 2024 की रात्रि लगभग 1:00 बजे विधिवत स्वास्थ्य परिक्षण के उपरांत प्रथम प्रसव सीजर ऑपरेशन के द्वारा डिलीवरी कराई गई। इस दौरान मेरी पत्नी ने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। दूसरे दिवस की रात्रि 11 बजे तक तो जच्चा बच्चा दोनों स्वास्थ्य रहे। लेकिन इसी रात लगभग 12 बजे से भारती की तबियत अचानक बिगड़ना शुरू हो गई। उसे पेट मे असहनीय दर्द के साथ उल्टी दस्त होना चालू हो गये और पेशाब आना भी बंद हो गया। इस संबंध में ड्यूटी पर तैनात स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि उन्हें इंफेक्शन हो गया है । अतः तत्काल जबलपुर रेफर करना पड़ेगा। इसके बाद मेरी पत्नी को जबलपुर मेडिकल हॉस्पिटल रेफर कर दिया। पीड़ित उमेश पटेल ने बताया कि जब हम भारती को एंबुलेंस ले जा रहे थे तो रास्ते में भारती के मुंह से झाग आना शुरू हो गया। एवं मिर्गी जैसे चक्कर भी आना शुरू हो गए। और वह तड़पने लगी तो एंबुलेंस के डॉक्टर ने वाहन रोककर भारती के हाथ पैर में थोड़ा मालिश किया। एवं इसके बाद उसे वह हम मुश्किल जबलपुर ले जा कर भर्ती करा पाये। जबलपुर मेडिकल हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने बताया कि भारती की किडनी खराब हो गई है। इस कारण उनका पेशाब आना बंद हो गया है। जबलपुर मेडिकल हॉस्पिटल में लगभग 30 - 32 बार डायलेसिस किया गया। इस प्रक्रिया के 12 -14 दिन पश्चात भारती को थोड़ा बहुत पेशाब का आना प्रारंभ हो गया। इसके उपरांत अस्पताल से भारती की छुट्टी कर दी गई । यहाँ के चिकित्सककों की सलाह पर चार-पांच माह तक हम भारती को जबलपुर मेडिकल हॉस्पिटल उपचार कराने ले जाते रहे। लेकिन इतने प्रयासों के पश्चात भीय भारती के पेट एवं सीने में दर्द के अलावा उल्टी-दस्त होना बंद नहीं हुआ। पेशाब आना भी बंद हो गया। इसके बाद हमने सागर मल्टी हॉस्पिटल भोपाल में भारती को भर्ती किया। जहां पर उसका 8-10 बार डायलेसिस किया गया। साथ ही मिशन हॉस्पिटल दमोह में भी 10 - 11 बार भारती का डायलेसिस किया गया। मगर उसे कोई आराम नहीं मिल सका। और अंततः भारती ने 8 फरवरी 2025 को अथक जीवन संघर्ष के बाद दम तोड़ दिया। इस तरह उसका बच्चा भी मातृत्व सुख से महरूम रह गया। पीड़ित उमेश ने बताया कि भारती के उपचार के चलते मेरे घर के जेवर बिक गए। मकान बिक गया । लाखों का कर्ज सर पर हो गया। इसके बाद भी हम अपने जीवन साथी को नहीं बचा पाये। दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर को दिए गए आवेदन पत्र में पीड़ित पति ने दमोह जिला चिकित्सालय के दोषी डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को कानूनी कार्यवाही कर उन्हें दंडित करने एवं असमय मां की ममता से महरूम बच्चे की बेहतरीन परवरिश हेतु शासन प्रशासन से अधिकाधिक आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग की है।

## अनुकंपा नियुक्ति शीघ्र दी जावें

**दमोह।** म.प्र.शासकीय लिपिकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश संरक्षक राकेश सिंह हजारी द्वारा म.प्र. शासन से आपेक्षा की गई है, कि शासकीय कार्य करते समय कर्मचारी की हुई मृत्यु उपरांत संबंधित परिवार के एक व्यक्ति को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान किये जाने का प्रावधान है, किन्तु विगत 10 वर्षो से भी अधिक समय से मृत परिवार को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान नहीं की जा रहीं है, जिसके कारण उनके परिवार का भरण पोषण एवं उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर पा रहें है, प्रदेश में हजारों की संख्या में अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण विभिन्न विभागों में लंबित चल रहें है, इस संबंध में सभी विभागों द्वारा प्रदेश स्तर पर मानिटरिंग भी की जाती है, किन्तु कोई अंतिम निराकरण नहीं हो रहा है, प्रदेश के प्रत्येक विभाग में प्रति माह कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे है, जिसके कारण पदों का रिक्त होना स्वाभाविक है, किन्तु संबंधित विभाग प्रमुख भी पद रिक्त ना होने का प्रमाण पत्र देकर अपना पल्ला झाड़ लेते है, अनुकंपा नियुक्ति परिवार को मानवीयता की दृष्टि को घ्यान में रखते हुये दी जाती है, किन्तु वर्तमान में इतने नियम लागू कर दिये गये है, जिसकी पूर्ति की जाना पीड़ति परिवार के लिये बहुत ही कठिनाई आ रही है, ऐसे में म.प्र.शासन को चाहिये कि वह अनुकंपा जैसे शब्द को ध्यान में रखते हुये पीड़ति परिवार को नियमों में शिथिलीकरण करें, जैसे पूर्व में अनुकंपा नियुक्ति के लिये नियमों को शिथिल कर उन्हें तत्काल अनुकंपा नियुक्ति दी जाती थी, किन्तु वर्तमान में ऐसा नहीं हो रहा है, म.प्र. शासन क्या प्रदेश में लंबित अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का निराकरण करेंगी या यू ही इंतजार करते रहेंगे इस पर शीघ्र निर्णय लेने की अपील की गई है अन्यथा की स्थिति में पीड़ति परिवार मजबूर होकर उन्हें आन्दोलन करने के लिये बाध्य होना पड़ेगा।

## सत्य साई सेवा संगठन के ग्रीष्म कालीन शिविर का हुआ समापन



**दमोह।** श्री सत्य साई सेवा संगठन द्वारा तीन दिवसीय ग्रीष्म कालीन शिविर का आयोजन ग्राम कुंवरपुर खैजरा स्थित माँ हरसिद्धि के मंदिर परिसर में दिनांक 18 से 20 अप्रेल तक किया गया स इस शिविर में 6 से लेकर 15 वर्ष की आयु वर्ग के 52 बच्चों ने हिस्सा लिया जिसमें ग्राम खैजरा के साथ ही ग्राम इमलाई, हिरदेपुर व दमोह के बाल विकास के बच्चे शामिल हुए। इस शिविर में बच्चों के लिए मूल्य आधारित शिक्षा, भजन, प्रार्थना, मूल्य गीत, श्लोक, मानसिक स्तर बढ़ाने वाले इन डोर व आउट डोर खेल, कहानी कथन, चित्रकला व भाषण के सत्र रखे गए, जिससे बच्चों ने बहुत कुछ सीखा और मजा लिया, तीनों दिन बच्चों को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षण की भूमिका में जिलाध्यक्ष राकेश कुर्मी, जिला शैक्षणिक समन्वयक चौनसिंह ठाकुर, बाल विकास गुरु श्रीमती डॉली दुबे, श्रीमती महिमा कुर्मी, श्रीमती सीमा दुबे, श्रीमती सुमन विश्वकर्मा, जिला आध्यात्मिक समन्वयक मुकेश कुमार दुबे, जिला सेवा समन्वयक सतीश गुप्ता, जिला युवा समन्वयक संगम पटेल, समिति संयोजक धरमेश्वर मिश्रा के अलावा सुनील विश्वकर्मा, हर्ष लोधी, केशव राठौर, प्रतीक दुबे, सालकराम पटेल, संतोष पटेल की गरिमापूर्ण उपस्थिति ने शिविर को पूर्णता प्रदान की स शिविर के समापन अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच के प्रतिनिधि विकास गुप्ता उपस्थित हुए जिन्होंने शिविर के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आगे भी ऐसे आयोजन कराने पर बल दिया स बच्चों को पुरुस्कार वितरण भी कराया गया स कार्यक्रम के अन्त में समिति संयोजक महेन्द्र साहू द्वारा संगठन की ओर से पंचायत के सरपंच सोमेश गुप्ता के प्रति स्थान उपलब्ध कराने और सहयोग करने के लिए बहुत आभार व्यक्त किया गया तथा विभूति व प्रसाद वितरण के साथ शिविर का समापन किया गया।

## प्री-एग्रीकल्चर टेस्ट की निःशुल्क कोचिंग का किया निरीक्षण



**दमोह।** नीति आयोग नई दिल्ली के प्रतिनिधि करन कुमार ने कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे एवं अन्य विभाग के अधिकारियों, किसान संगठनों, कृषक उत्पादक संगठनों एवं गैर सरकारी संगठनों की मौजूदगी में बैठक ली। बैठक के दौरान उप संचालक कृषि जे.एल. प्रजापति ने नीति आयोग नई दिल्ली के प्रतिनिधि करन कुमार को बताया जिला कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था के रूपांतरण हेतु नीति आयोग द्वारा तैयार किया जा रहा है। उन्होंने विभागों, कृषक संगठनों, कृषि विज्ञान केंद्र, गैर सरकारी संगठनों, किसान उत्पादक संगठनों से सुझाव लिए। नीति आयोग प्रतिनिधि श्री करन कुमार ने कहा एक सप्ताह तक दमोह जिले के विभिन्न विकास खण्डों में पहुँच कर कृषकों से सुझाव लेंगे एवं जिसके आधार पर ड्राफ्ट तैयार किया जायेगा। उन्होंने जिला प्रशासन, कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र एवं शिक्षा विभाग के विशेष प्रयास से जिले में संचालित प्री एग्रीकल्चर टेस्ट की निशुल्क कोचिंग का निरीक्षण किया और तारीफ करते हुए कहा यह सराहनीय कार्य है, यह ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए वरदान साबित हो सकता है।

## बैल के पैरों में बंधी रंधी से हुआ घाव



### स्थानीय लोगों ने करवाया इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

बीजा डोंगरी क्षेत्र में एक दर्दनाक मामला सामने आया है, जहां एक बैल के पैरों में रस्सी बांधकर छोड़ दिया गया, जिससे उसके पैरों में जख्म हो गए और कीड़े पड़ गए। तपोभूमि गंगा झिरिया धाम के पुजारी सीताराम दुबे ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल बैल का उपचार करवाया। बताया जाता है। ग्रीष्मकालीन फसलों को मवेशियों के नुकसान से बचने के लिए किसान इस तरह से अमानवीयता दिखाते है गोवंश के साथ क्रूरता करते है कुछ ऐसा ही मामला बीजा डोंगरी क्षेत्र का है। जहां- बैल के पैरों में रस्सी बांधकर छोड़ दिया गया था, जिससे उसके पैरों में जख्म हो गए थे- और बैल के पैरों में गंभीर घाव हो गया था और कीड़े पड़ गए थे। दर्द से तड़फते बैल का दर्द गौ सेवकों को देखा नहीं गया इसीलिए- तपोभूमि गंगा झिरिया धाम के पुजारी सीताराम दुबे ने घायल बैल का उपचार करवाया। वेटनरी डॉक्टर ने घायल बैल का इलाज किया है जिससे बैल की स्थिति अब ठीक है। यह घटना ग्रीष्मकालीन फसलों को आवारा मवेशियों से बचाने के लिए किए जा रहे उपायों के नाम पर गौवंश के साथ हो रहे अमानवीय व्यवहार को दिखाती है जिसकी निंदा गौ सेवकों द्वारा की गई है।

### जेके कंपनी का अनियंत्रित तेज रफ्तार ट्रक सड़क के किनारे बैठे बैल को रौंदते हुए भागा

**पन्ना।** जेके कंपनी के ट्रैकों से हो रहे आए दिन सड़क हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। आज 19 अप्रैल 2025 को पन्ना नगर के डायमंड चौराहा में रात 10 बजे जेके कंपनी के ट्रक ने रोड किनारे बैठे बैल के चारों पैरों को बुरी तरह से कुचलते हुए भाग गया है। जिससे बैल के चारों पैर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। घटनास्थल पर खड़े यादव महासभा के जिला युवा अध्यक्ष जगात चौकी निवासी अजय यादव ने जैसे ही देखा तुरंत अपने साथियों के साथ पहुंचे तो ट्रक बैल को कुचल कर भाग गया था। अजय यादव के द्वारा गौ सेवक चाणक्य रैकवार व राजकुमार वर्मा को फोन लगा कर घटना की जानकारी दी जानकारी मिलते ही चाणक्य रैकवार अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुचे और बैल को प्राथमिक उपचार करके गौ सेवक शुभम लालवानी, निहाल द्विवेदी, अरविंद यादव पुष्पराज, बबलू यादव के सहयोग से पिकअप में बिठाकर घायल बैल को पन्ना के बाईपास में स्थित गौशाला में लेकर गए जहां पर सुरक्षित किया गया।

### डॉ. भीमराव अंबेडकर की स्मृति में संगोष्ठी कल

**दमोह।** भारतीय संविधान के शिल्पी एवं भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की स्मृति में 23 अप्रैल 2025 को एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन जिला भाजपा कार्यालय, दमोह में प्रातः 10:30 बजे से किया जायेगा। संगोष्ठी के अवसर पर केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र खटीक मुख्य अतिथि (वक्ता) के रूप में उपस्थित रहेंगे, जो डॉ. अंबेडकर के विचारों, उनके संघर्ष, एवं संविधान निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डालेंगे। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण में जिले के समस्त समाज बंधुओं, जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, मोर्चा अध्यक्षों, प्रकोष्ठ संयोजकों एवं वार्ड पार्षदों की भी गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

## एक कुंडीय गायत्री यज्ञ का आयोजन



हटा। अखिल विश्व गायत्री परिवार युगतीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में संचालित सप्तक्रांति आंदोलन के अंतर्गत जनमानस को साधनात्मक गतिविधियों से जोड़ने हेतु ग्राम पिपरिया किरन में एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ सम्पन्न हुआ। यज्ञ की शुरुआत मनुज देवता बनें बनें यह धरती स्वर्ग समान यही संकल्प हमारा गीत के द्वारा की गई बिला खुर्द से पधारी संगीत टोली के सुदामा पटेल एवं मदन रजक ने यज्ञ में लोकरंजन से लोकमंगल हेतु प्रेरणादाई गीतों से यज्ञकर्ताओं को भाव विभोर कर दिया। गायत्री परिवार के कार्यक्रमों को निरंतर गति देने वाले दिनेश दुबे ने 9 पारियों में यज्ञ सम्पन्न कराया। जिसमें सभी के स्वस्थ जीवन, दीर्घायु, आध्यात्मिक उन्नति एवं देवरा जामशा के 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की सफलता हेतु गायत्री मंत्र एवं महामृत्युंजय मंत्र से आहुतियां दी गई। पुष्पांजलि अर्पित कराते हुए उन्होंने कहा भगवान जिस पर प्रसन्न होते हैं उसे सद्बुद्धि प्रदान करते हैं। गायत्री यज्ञ का प्रमुख उद्देश्य सबके अंदर सद्विचारों की स्थापना कर सबको सन्मार्गगामी बनाना है। यज्ञ के दौरान अनूपमा पवन पटेल की पांच वर्षीय सुपुत्री प्राध्वी पटेल ने महिषासुर मर्दनी स्त्रोत , शिवतांडव स्तोत्र एवं रुद्राष्टकम सुनाकर सबको आश्चर्यचकित कर दिया। यज्ञ में बहादुर पटेल, राजधर पटेल, देवकीनंदन पटेल, हरिगोविंद साव, रामभजन एवं बालचंद पटेल का सराहनीय योगदान रहा।कार्यक्रम में पांच गांव के गायत्री परिजन मोजूद रहे।

## जन सहयोग से शुरू हुई जलाशय की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मडियादौ



जल संवर्धन की दिशा में जलाशय सफाई और गहरीकरण की शुरुआत मडियादो में धनुषधारी मंदिर के पीछे जलाशय से निजी स्तर पर जनसहयोग से शुरू की गई। जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवियों द्वारा नायब तहसीलदार मंडल मडियादो शिवराम चढ़ार के नेतृत्व में जलाशय में पड़ा कचड़ा साफ किया ओर आग जलाकर नष्ट किया सफाई शुरू। मौके पर पहुंचे विधायक पुत्र अंकुश खटीक का जन्मदिन मनाते हुए सफाई की। विधायक प्रतिनिधि के रूप में शामिल हुए अंकुश खटीक ने कहा कि उनके जन्मदिन की शुरुआत मडियादो में जल संवर्धन कार्यक्रम से हुए यह खुशी की बात है। गहरीकरण के लिए यथासंभव प्रयासरत रहूंगा। मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधि अभिषेक जैन, कमलेश चौदह , लालू छिरोल्या द्वारा विधायक हटा उमादेवी खटीक से जोगी डाबर जलाशय गहरीकरण करवाने की मांग की गई। मौके पर पहुंचे सचिव संतोष सिंह ठाकुर द्वारा जोगी डाबर जलाशय ओर धनुषधारी मंदिर स्थित कुआं संरक्षण हेतु फाइल तैयार किए जाने का आश्वाशन दिया गया ओर जल्द कार्य शुरू किए जाने की बात कही गई। सरपंच प्रतिनिधि रामकरण अहिरवार द्वारा मुख्य मार्ग से जलाशय तक जाने के सीसी रोड निर्माण करने का आश्वासन उपस्थित जन समूह को दिया। बता दे कि लगातार पुराव के चलते गहराई खो रहे जलाशय का गहरीकरण भी जेसीबी मशीन के माध्यम से किया गया। वहीं गहरीकरण से निकले मलमे से उपतहसील परिसर में बने बड़े गड्ढे का पुराव किया गया। बता दे कस्बे में वर्ष भर जल पूर्ति करने वाला जोगीडाबर जलाशय सहित उससे जुड़े अन्य जलाशय कचड़े भर गए है और पानी लगातार सूख रहा है। जलाशय की सफाई नायब तहसीलदार मडियादो, विधायक पुत्र अंकुश खटीक, जिला पंचायत सदस्य अभिषेक जैन, कमलेश चौदह, अनमोल छिरोल्या, गफ्फार पठान ,अखलेश ताम्रकार, रत्नेश उपाध्याय, मुकेश अहिरवार सहित अन्य द्वारा की गई।

# मध्य प्रदेश हाकी जूनियर वर्ग की चयन प्रक्रिया हुई पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

हॉकी मध्य प्रदेश जूनियर वर्ग चयन प्रक्रिया संपन्न हुई। हॉकी दमोह के विकास जैन के अनुसार हॉकी मध्य प्रदेश बालिकाओ की चयन प्रक्रिया जिला लोधी महासभा के अध्यक्ष वरिष्ठ शिक्षक भाव सिंह, साहित्यकार नरेंद्र दुबे, खेल अधिकारी सेफ उल्ला खान, महासचिव लोकबहादुर, सह सचिव जगेनदर तोमर के आतिथ्य मे संपन्न हुई। सुबह के समय मे खेल अधिकारी ने चयन प्रकिया का अवलोकन किया तथा खिलाडियो से भेंट की दो दिन के कठिन परिश्रम कर खिलाडियो मे स्थान बनाने का प्रयास किया। अतिथियो का स्वागत राजेश सालोमन भगवान सिंह, विजय ठाकुर, असार संतोष सेन, इमरान तरूण, अरमान, विवियन, जुबेर, फरहान, एरिक ने किया। लोकबहादुर ने हॉकी मध्य प्रदेश की टीम ने राष्ट्रीय हॉकी झांसी मे संपन्न हुई। उसमे हॉकी मध्य प्रदेश को सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ। हॉकी मध्य प्रदेश के छह खिलाडियो को नेशनल कैम्प मे शामिल होने की जानकारी दी।



वर्ष सोलह से वर्तमान तक राष्ट्रीय स्तर मे इकत्तीस मेडल प्राप्त हुए भाव सिंहजी ने खिलाडियो के उत्कर्षट प्रदर्शन के लिए अपना आशीर्वाद दिया। साहित्यकार नरेंद्र दुबे ने खेलो के माध्यम से समाजिक सरोकार तथा भाई चारे से आगे बढने खिलाडियो को प्रेरित किया हॉकी कोच साई सरोज राजपूत अकादमी कोच आकाछा ने महासचिव लोकबहादुर के सानिध्य मे भाव सिंह जी को हॉकी मध्य प्रदेश की ओर से स्मृति चिन्ह भेट किया। हॉकी मे चयनित खिलाडियो का कैम्प आयोजित किया जाएगा। संचालन शेख असार ने किया व आभार ललित नायक ने माना।

## ड्रिंक एंड ड्राईव के तहत की कार्यवाही

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन एवं संदीप मिश्रा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला दमोह के मार्गदर्शन में दलबीर सिंह मार्को थाना प्रभारी यातायात द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर चेकिंग कर कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 21.04.2025 को पूर्व में 'ड्रिंक एंड ड्राइव' के तहत जप्त किए गए। पिकअप वाहन क्रमांक MP 15 ZJ 4387 एवं 407 वाहन क्रमांक HR 39D 2817 को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा प्रत्येक वाहन चालक पर 10,000- 10,000 रुपए कुल 20,000 रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया। वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन हेतु परिवहन विभाग को पृथक से भेजा जावेगा। साथ ही धर्मपुरा नाका पर वाहन चेकिंग लगाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 22 वाहन चालकों से 11300 रुपए का समन शुल्क वसूला गया। दमोह पुलिस की आम नागरिकों से अपील है कि यातायात नियमों का पालन करें एवं शराब पीकर वाहन न चलाएँ।

## खबर संक्षेप

### भगवान परशुराम प्रकटोत्सव को लेकर बैठक आज

**दमोह।** भगवान विष्णु के छटवें अवतार परशुराम जी के प्रकटोत्सव को प्रतिबर्ष की भांति इस बर्ष भी भव्य रूप में मनाया जायेगा। आयोजन को लेकर आज मंगलवार 22 अप्रेल को संध्या 07 बजे सिविल वार्ड स्थित प्राचीन शिव पार्वती मंदिर में एक बैठक आयोजित गयी है। विदित हो कि आगामी 30 अप्रेल बुधवार अक्षय तृतीया को भगवान परशुराम जी का प्रकटोत्सव मनाया जाना है। प्रतिबर्ष एक वृहद शोभायात्रा एवं आयोजन किया जाता है जिसमें दमोह नगर के शिव पार्वती मंदिर से एक भव्य शोभा यात्रा निकाली जाती है। विभिन्न मार्गों से होकर यह यात्रा निकलती है जिसमें बडी तादाद में मातृशक्ति,बच्चे एवं पुरूष वर्ग सहभागिता करता है। आयोजन समीति के द्वारा जिले के सभी विप्रों से निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया गया हैं।

### प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत दी राशि

पथरिया। जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम करैया लखरौनी निवासी जलधारा पति संजय दुबे की मृत्यु होने पर प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना जिसकी बीमित राशि 2 लाख रुपए का चेक हितग्राही संजय दुबे को भारतीय स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक पथरिया अमृत कुमार इक्का व सर्विस मैनेजर विजेंद्र मीणा द्वारा प्रदान किया गया।

## अज्ञात कार ने बाइक सवारों को मारी टक्कर पति की मौत, पत्नी गंभीर, जबलपुर रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

दमोह जिले के जबेरा थाना क्षेत्र की सिग्रामपुर चौकी अंतर्गत ग्राम हरदुआ सिंगौरगढ़ के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। अज्ञात फोर व्हीलर ने बाइक सवार पति-पत्नी को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे पति की मौत हो गई और पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा जब ग्राम पौड़ी से रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने के बाद पति-पत्नी घर वापस लौटते वक्त ग्राम हरदुआ सिंगौरगढ़ के पास



अज्ञात फोर व्हीलर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

दोनों घायलों को स्थानीय लोगों के 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा लाया गया। जहां ड्यूटीरत डॉक्टर ने कमलेश ठाकुर (45 वर्ष) को मृत घोषित कर दिया। वहीं पत्नी सविता बाई (40 वर्ष) को गंभीर चोटें आई हैं और उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। हादसे की जानकारी लगते ही - जबेरा थाने से एएसआई अशोक सिंह और प्रधान आरक्षक कल्याण सिंह ने मर्ग कायम कर जांच शुरू करते हुए अज्ञात वाहन की तलाश तेज कर दी है।

## पानी को लेकर युवक पर धारदार हथियारों व लाठियों से हमला

**दमोह।** जिले के तेजगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत इमलिया चौकी के समीप ग्राम धमारा स्कूल के पास पानी को लेकर हुए विवाद में कतन्ना और भी धारदार हथियारों से युवक पर हमला हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है। प्राप्त



जानकारी के अनुसार घायलों के परिजन छिदामी सिंह लोधी ने बताया कि अर्जुन पिता गिरधारी सिंह उम्र 37 वर्ष व बच्ची आरतीबाई लोधी निवासी धमारा बुरी तरह घायल होने पर इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। विगत दिनों पहले भी विवाद हुआ था, जहां एक पक्ष में एफआईआर दर्ज कराई थी. वहीं आज दूसरे पक्ष पर भी हमला हो गया। युवक और एक बच्ची को इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। घायल ने बताया कि दूसरा पक्ष के लोग एक राय होकर आए और युवक पर हमला कर दिया. जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच पड़तालकर रही है।

## बस की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत, एक घायल

**दमोह।** जिले के नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत अभाना के समीप रविवार सुबह हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई. जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है. जिन्हें उपचार के लिए तो दमोह जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने बताया है कि मृतक राम जी पिता किल्लो उम्र 20 वर्ष निवासी कुलुआ दिनारी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, वहीं लोकेश रैकवार पिता वीरेंद्र उम्र 23 वर्ष निवासी कुलुआ मारूताव को गंभीर हालत में भर्ती किया गया है. जिसका उपचार जारी है, बताया गया है कि दिल्ली से मजदूरी कर लौटे थे, जो पत्नी बस में बैठ गई थी तभी बस छूट जाने से राम जी को लोकेश दो पहिया वाहन से पीछा कर बिठाल रहा था, इसी दौरान बस का पीछा करते समय बस की टक्कर लग जाने से मजदूर युवक की मौत हो गई और एक बाइक सवार का इलाज जारी है।

## जंगल से भटके चौसिंगा चीतल पर कुत्तों का हमला, ग्रामीणों ने बचाई जान

**बनवार।** जंगल से पानी की तलाश में आबादी क्षेत्र में आया चौसिंगा चीतल पर कुत्तों ने हमला कर दिया खुद की जान बचाते भागा चौसिंगा चीतल फसल को जानवरों से सुरक्षित रखने के लिए किसानों द्वारा खेत के चारों ओर तार की फेंसिंग कराई थी। खुद को बचाने के प्रयास में चीतल भागते हुए घबराहट में इन तार में फंसकर घायल हो गया जिस पर ग्रामीणों की नजर पड़ी तो कुत्तों से चौसिंगा चीतल की जान बचाते हुए घटना की जानकारी सरपंच पुत्र संकट के साथी अमन जैन ने वन विभाग को दी। सूचना मिलते हो वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची घायल चौसिंगा को फॉरेस्ट चौकी में रखकर वेटनरी डाक्टर से इलाज कराया गया। डॉक्टर के द्वारा घायल चीतल का तीन चार दिन चौकी में रखकर नियमित उपचार की सलाह दी गई है खेत में हुई। बताया जाता है पानी की तलाश में युवा चौसिंगा चीतल सगरा बीट की आवादी क्षेत्र में आ गया और कुत्तों ने चीतल को खदेड़ना शुरू कर दिया था। उसी दौरान किसानों द्वारा अपनी फसल



को जानवरों से सुरक्षित रखने के लिए खेत के चारों ओर तार की फेंसिंग कराई थी। खुद को बचाने के प्रयास में चीतल तेज गति से भागता हुआ खेत की ओर बढ़ा और घबराहट में उसने ऊंची फेंसिंग को पार करने की कोशिश की, लेकिन छलांग लगाने के दौरान वह तार में उलझ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। डिप्टी रेंजर जगदीश समदड़िया ने बताया गर्मियों के दिनों में पानी की तलाश में वन्य जीव भटकते रहते है और यह चीतल चौसिंगा सगरा बस्ती के पास आ गया था कुत्तों से अपनी जान बचाने के लिए भागता हुआ खेतों की तार फेंसिंग में फंस गया था जिसको ग्रामीणों ने वन्यजीवों के प्रति अपना कर्तव्य निभाते हुए कुत्तों को खदेड़कर चीतल को जान बचा ली। घायल चीतल की सूचना वन चौकी सगरा समिति चौकीदार के द्वारा दी गई थी तत्काल पहुंचकर घायल शीतल का उपचार वेटनरी डॉक्टर जबेरा के द्वारा करवाया गया है। तार फेंसिंग में फंसने की वजह से मामूली रूप से चोटिल है। डॉक्टर के द्वारा दो-तीन दिन नियमित उपचार की सलाह दी गई है शीतल को फॉरेस्ट चौकी में रखकर उपचार दिया जा रहा है चीतल की स्थिति खतरे से बाहर है।

## अनुपयोगी वस्तु से नई सामग्री निर्माण की कार्यशाला संपन्न



**दमोह।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र, क्षेत्रीय केन्द्र दमोह द्वारा अनुपयोगी वस्तु से नवीन सामग्री निर्माण कार्यशाला 2025 का सफल आयोजन किया गया। सी.सी.आर.टी. दमोह के प्रभारी देवनारायण रजक एवं सहायक क्षेत्राधिकारी त्रिपाल सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन कर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। त्रिवेणी काछी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। राष्ट्रपति पुरस्कृत प्राचार्य डॉ. आलोक सोनवलकर ने संस्था में किए गए पन्द्रह से अधिक नवाचारों का उल्लेख किया। आर्ट एंड क्रॉफ्ट की विषय विशेषज्ञ अनुश्री सेन ने तीन दिवसीय कार्यशाला में ग्रामीण अंचल की अनेक छात्राओं को कला के हुनर सिखाये। छात्राओं ने पेंटिंग, आकृति निर्माण, टोपी निर्माण, बैग, टोकरी आदि सीखा। कलेक्टर दमोह सुधीर कुमार कोचर ने छात्राओं के प्रयासों की भूरि-भूरि सराहना की। शासकीय नवीन कन्या हाईस्कूल परिसर अभाना में स्वच्छता अभियान चलाकर, स्वच्छता का संदेश दिया। पचास से अधिक छात्राओं ने साफ-सफाई कर स्वच्छता की शपथ ली। जिला शिक्षा अधिकारी एस.के. नेमा, ए.डी.पी.सी. शैलेन्द्र असाटी, जन अभियान परिषद से सुषील नामदेव, यूथ अचीवर्स कृष्णा पटैल ए.पी.सी. मोहन राय, प्राचार्य रमेश व्यास डी. के मिश्रा, नदीम हसन, आर.पी. कुर्मी आदि ने नवाचारी स्वच्छ विद्यालय कन्या हाईस्कूल अभाना के समाज उपयोगी कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन सुशील श्रीवास्तव और आभार प्रदर्शन नीलम यादव व राजीव शुक्ला ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के द्वारा किया गया।

## सीएम ने किया शिक्षक का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

जब कोई व्यक्ति दृढ़ संकल्प लेकर एक निश्चित लक्ष्य बनाकर कार्यकर्ता है तो उसे एक दिन निश्चित रूप से सफलता मिलती है इसका उदाहरण है सदैव नवीन शिक्षण तकनीकियों को अपनाकर विद्यार्थियों की शिक्षा प्रक्रिया को सहज सरल और रोचक बनाने वाले नवाचारों के लिए प्रोत्साहित करने वाले सकारात्मक विचारों के धनी शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला भिलौनी के शिक्षक माधव पटेल है जिन्हें 21 अप्रैल सिविल सेवा दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं प्रमुख सचिव मध्य प्रदेश शासन अनुराग जैन ने नेशनल सिविल सर्विस डे के अवसर पर आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 के लिए चयनित 16 शासकीय सेवकों को मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान कर बधाई व शुभकामनाएं दीं। शिक्षक माधव पटेल अपने कार्यों और समर्पण के लिए सन 2020 में राज्यपाल पुरस्कार और इसी वर्ष 2024 में राष्ट्रपति पुरस्कार से भी सम्मानित हो चुके है।

## विभिन्न मांगो को लेकर अधिकारी कर्मचारी संगठनों ने ज्ञापन सौंपा



**दमोह।** प्रांतीय आह्वान पर प्रदेश के शासकीय सेवकों निगम मंडल पेंशनर्स की लंबित मांगों को पूर्ण करने के लिए 53 सूत्रीय मांगों का मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर दमोह को ज्ञापन सोपा। संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष आर के मिश्रा ने बताया की प्रदेश के शासकीय कर्मचारी और पेंशनर्स की 53 सूत्रीय मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री को तीसरी बार ज्ञापन दिया गया है इसमें पुरानी पेंशन बहाल की जाए शिक्षकों को नियुक्ति दिनांक से व्यवस्था दी जाए प्रदेश के शासकीय सेवकों के केंद्र के समान ग्रह भट्ट भाड़ा दिया जाए अनुकंपा नियुक्ति में सीपीसी में सरलीकरण किया जाए लिपिक वर्ग की ग्रेड पे और सुधार किया जावे केंद्र के समान महंगाई भत्ता केंद्रीय तिथि से एरियाज के साथ दिया जाए नवीन भारती में 70 80 90ः वेतन के स्थान पर पूर्ण वेतन दिया जाए पेंशनर्स के महंगाई भत्ते में छत्तीसगढ़ सरकार के साथ धारा 49 समाप्त की जाए प्रदेश में सभी शासकीय सेवकों की सेवा निवृत्ति आयु एक समान की जाए शासकीय सेवकों पेंशनर्स को कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की जाए भारती का पद नाम परिवर्तन किया जाए निगम मंडलों में पेंशन योजना लागू की जाए आउटसोर्स कर्मियों को नियमित किया जाए कर भारत कर्मचारी को अवकाश नगदी कारण का लाभ दिया जाए प्रदेश में सभी विभागों में अप अटेंडेंस समाप्त की जाए इसके अलावा 53 सूत्रीय मांगे रखी है। इस ज्ञापन में मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अमित सिंह मध्यप्रदेश कर्मचारी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रोशन नायक आजाद अध्यापक शिक्षक संघ की कार्यवाहक अध्यक्ष अभय भट्ट अजाक्स संघ तहसील अध्यक्ष हरीश अहिरवाल मध्य प्रदेश सहायक शिक्षक संघर्ष संयुक्त मोर्चा के जिला संयोजक डॉक्टर रमेश आठिया, अजेक्स के संभागीय महासचिव मुकेश कुमार अहिरवार अधिकारी कर्मचारी निगम मंडल एवं पेंशनर्स संघ के संभागीय सचिव नीरज पांडे आजाद, अध्यापक संघ के खिलान सिंह ठाकुर प्रांतीय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर समग्र शिक्षा उत्थान संघ के जिला अध्यक्ष पी एल अहिरवाल, रामा रावत ,एम एल सरैया कार्यवाहक अध्यक्ष पेंशनर समाज दमोह एचडी प्रधान अनुराग श्रीवास्तव, ऋषि उपाध्याय आदि साथियों की उपस्थिति में उपरोक्त ज्ञापन दिया गया।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना देकर सौंपा ज्ञापन

## ओलावृष्टि से पीडितों को मुआवजा देने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

जिला कांग्रेस एवं किसान कांग्रेस के आव्हान पर पटेरा बस स्टेण्ड पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन प्रभारी तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में प्रमुख रूप से ओला वृष्टि से पीडितो को शीघ्र मुआवजा देने, भूमि अधिग्रहण बिल वापिस लेने, खरीदी केंद्रो पर सन 2018 में खरीदी गई किसानो की उड़द की राशि का भुगतान करने एवं राजस्व मामलों में नकल की राशि कम करने की मांग प्रमुख रूप से थी। 15 दिन में कार्यवाही न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई। प्रारंभ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष रतनचंद जैन के नेतृत्व में नितिन मिश्रा, संजय चौरसिया सहित विधानसभा क्षेत्र व स्थानीय नेताओं के साथ धरना दिया। सरकार पर किसानों की उपेक्षा की बात कहकर नारेबजी की। इस धरना में प्रमुख रूप से रतनचंद जैन, नितिन मिश्रा, संजय चौरसिया, दीपेश पटेरिया, प्रदीप खटीक कृष्णगोपाल श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र जैन, नवाब सींग, कमलेश ताम्रकार, राजकुमार शुक्ला, अतुल जैन, निखिल जैन सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे।

## कंप्यूटर दुकान में घुसा सांप, रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

**दमोह।** जिले मडियादो थाना क्षेत्र के डोली गांव में शनिवार देर रात कंप्यूटर की दुकान में सांप घुस गया। जिससे क्षेत्र में दहशत फैल गई। दुकान संचालक भरत पटेल द्वारा सर्प विशेषज्ञ नवीन खान को सूचना दी गई। नवीन द्वारा मौके पर पहुंचकर सांप का रेस्क्यू कर उसे पकड़ा और जंगल में छोड़ा। देखने वालो के अनुसार पकड़ा गया सर्प नागिन है जिसके सिर पर पदम बना हुआ है। वहीं देर रात वफरक्षेत्र मडियादो के जंगल में सर्प को छोड़ दिया गया।

## पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का हुआ भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह सागर मार्ग पर स्थित ग्राम बांसा तारखेडा के श्री मुनिसुव्रत तीर्थ पर 21 अप्रैल से 27 अप्रैल तक श्री 1008 जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा गजरथ महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। नगर गौरव ज्ञान रत्नाकर आचार्य श्री 108 उदार सागर जी महाराज के पावन सानिध्य एवं मुनि श्री 108 उपशांत सागर जी महाराज की संसंघ मौजूदगी में यह पंचकल्याणक महोत्सव आयोजित हो रहा है। 21 अप्रैल को पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के पहले दिन ध्वजारोहण के साथ आयोजन का शुभारंभ



किया गया। आयोजन का ध्वजारोहण अरविंद इटोरिया परिवार द्वारा किया गया है। आयोजन में सुबह सवेरे बांसा के जैन मंदिर से एक शोभायात्रा निकाली गई, जो मुनि सुब्रत तीर्थ पहुंची। इसके बाद भगवान का अभिषेक पूजन किया गया। शांतिधारा का वाचन आचार्य श्री उदार सागर जी महाराज ने किया। इसके बाद पूज्य आचार्य श्री के प्रवचनों का लाभ भी भक्तों को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के दौरान मध्य प्रदेश शासन के पूर्व वित्त मंत्री एवं वर्तमान विधायक जयंत मलैया ने भी पहुंच करके आचार्य श्री का आशीर्वाद प्राप्त किया। दोपहर में याग मंडल विधान का आयोजन किया गया। तो वहीं शाम को महाआरती की गई। महोत्सव में प्रतिदिन विविध कार्यक्रमों का आयोजन आगामी दिनों में किया जाएगा। पंचकल्याणक महोत्सव में उपस्थित की अपील मुनिसुव्रत तीर्थ ट्रस्ट कमेटी, एवं पंचकल्याणक समिति बांसा ने की है।

## सीएम हेल्पलाइन में नहीं हो रहा है चार-चार माह तक निराकरण, अधिकारी बेपरवाह

**झलौन।** विकासखंड तेंदूखेड़ा के अंतर्गत ग्राम झलौन के व्यक्ति चंद्र प्रताप सिंह द्वारा 2 जनवरी 2025 को कलेक्ट कार्यालय में जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत किया गया था जिसको सीएम हेल्पलाइन में शिकायत पंजीकृत कर दी गई थी। मामला है कि आवेदक चंद्र प्रताप सिंह के पिता एवं अन्य छः शिक्षकों को अलग-अलग कारणों के चलते 17 अप्रैल 2023 में निलंबित कर सभी शिक्षकों को विकासखंड शिक्षा कार्यालय बटियागढ़ में अटैच किया गया था। लगभग पांच माह के निलंबन उपरांत 26 अक्टूबर 2023 को बहाल कर अलग-अलग नवीन विद्यालयों में पदस्थापना की गई। ग़ौरतलब बात यह है कि एक शिक्षक जो प्राथमिक शाला गुहंची में पदस्थ थे उन्हें साफ सफाई के संबंध में किसी भी प्रकार के नोटिस दिए बन ही निलंबित कर दिया। इस उपरांत पंचायत चुनाव के संबंध में निर्वाचन आयोग के अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार आदि अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। प्राथमिक शाला गुहंची पोलिंग बूथ भी था। और सभी प्रकार की व्यवस्थाएं सही पाई गई जो कि अधिकारीयो द्वारा सर्टिफाइड किया गया था। कुछ दिनों बाद शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा निलंबित कर दिया गया जिसमें किसी भी प्रकार का नोटिस भी जारी नहीं किया गया एकतरफा कार्यवाही की गई जो साफ जाहिर होता है कि लेनदेन द्वेषवस कार्यवाही की गई। साफ सफाई न होना कोई एक बड़ा अपराध नहीं था ना ही उसे समय के तात्कालिक कलेक्टर के द्वारा भी किसी प्रकार का नोटिस जारी नहीं किया सीधा निलंबित का आदेश दे दिया गया फिर भी उक्त शिक्षक द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों का सम्मान करते हुए उसे निलंबन को स्वीकार करते हुए माननीय न्यायालय का शरण न लेते हुए। वरिष्ठ अधिकारियों की सजा को स्वीकार किया। लेकिन आज लगभग 2 वर्ष होने को जा रहे हैं अधिकारियों की तानाशाही रवैया के चलते उन शिक्षकों को जांच कर निलंबन के दौरान का भुगतान नहीं किया जा रहा। एक शिक्षक का 30 जून 2025 रिटायरमेंट भी होना है



लेकिन अधिकारियों द्वारा ना तो जांच की जा रही है। सीएम हेल्पलाइन 2 जनवरी 2025 से लगी हुई है लेकिन कोई भी अधिकारी इस पर कार्यवही नहीं कर रहे हैं ऊपर से जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बुलाकर बंद करने का दबाव बनाया जाता है। इस संबंध में डीसी मुकेश द्विवेदी एवं जिला शिक्षा अधिकारी एस के नेमा द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया। बी आर सी परमलाल अहीरवाल ने बताया कि फाइल डीसी कार्यालय पहुंच गई है और मैं जानकारी करके बताता हूं। इस प्रकार अधिकारियों का तानाशाही रवैया रहेगा तो बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रहे शिक्षकों को मानसिक स्तर ठीक नहीं रहेगा तो वह कैसे उच गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान कर पाएंगे।

## लूट के आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

**दमोह।** विगत दिनों जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत सागर नाका चौकी कौरोसा मंदिर के पास एक वृद्ध देवेंद्र पांडे के साथ कुछ अज्ञात लुटेरों ने लूट की घटना को अंजाम दिया था, जहां पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए लूट के आरोपियों को तलाश किया। आज न्यायालय पेश कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने बताया कि लुटेरो में कोमल लोधी, विश्राम, भरत, खेत सिंह लोधी तीन कुटरी व एक देवलाई टपरिया हटा निवासी से मसरूका मोबाइल बरामद कर लिया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा, सीएसपी अभिषेक तिवारी, और देहात थाना प्रभारी रचना मिश्रा के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी सागर नाका रमाशंकर मिश्रा, एएसआई अकरम खान,थाना हटा से महेंद्र सिंह,प्रधान आरक्षक प्रेमदास बैरागी, आरक्षक गौरव, आरक्षक दीपचंद, साइबर सेल से सौरभ टंडन, राकेश अठया, अजित सिंह, रोहित और भी टीम का विशेष योगदान रहा।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर

**बटियागढ़** । थाना क्षेत्र के टेड़ाआम के पास दमोह बटियागढ़ मार्ग पर दमोह मार्ग की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार एम्पी 20 सी ई 8409 ने टक्कर मार दी जिसमे तीन लोग घायल हो गए। आकाश सिंह पिता भागीरथ सिंह मनकोरा से शादी समारोह में शामिल होने टेड़ाआम जा रहे थे पास ही दमोह मार्ग की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी जिसमे आकाश सिंह,कविता वाई,काजुल,घायल हो गए आकाश सिंह को घायल हो गए । निजी साधन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद बटियागढ़ लाया गया जहाँ ड्यूटी डॉक्टर मकबूल अहमद खान के द्वारा घायलो का उपचार किया गया ।आकाश सिंह को गम्भीर चोटे आने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया।

## मनीष और दीपेश ने राज्य स्तरीय ताइक्वांडो रेफरी परीक्षा उत्तीर्ण की



दमोह। 18 से 20 अप्रैल तक मध्यप्रदेश ताइक्वांडो संघ द्वारा रतलाम में आयोजित राज्यस्तरीय रेफरी सेमिनार में दमोह शहर के मनीष सिंह (प्रशिक्षक, शासकीय ताइक्वांडो नोडल विद्यालय) और दीपेश सेन ने सहभागिता की। तीन दिवसीय इस सेमिनार में दोनों प्रतिभागियों ने रेफरी की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर दमोह जिले को गौरवान्वित कियज्ञं परीक्षा में अंतरराष्ट्रीय रेफरी सरबजीत सिंह मुख्य निर्णायक की भूमिका में रहे। यह सेमिनार मध्य प्रदेश ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष श्री गौतम लक्षरी एवं कोषाध्यक्ष श्री गगन कुरील की उपस्थिति में संपन्न हुआ। दमोह जिला क्रीड़ा अधिकारी विवेक दत्त शर्मा ने दोनों खिलाड़ियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह उपलब्धि न केवल दोनों खिलाड़ियों की मेहनत और समर्पण का प्रतीक है, बल्कि यह जिले में ताइक्वांडो जैसे खेल के विकास और लोकप्रियता के लिए एक प्रेरणादायक पहल भी मानी जा रही है।